दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-
फीचर-खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, शनिवार 03 जुलाई 2021
www.nyaysakshi.com


## संपादकीय

### 21वीं सदी में न्यू इंडिया के लिए सुधार

भारत को बदलाव लाने वाले परिवर्तनों की जरूरत है वृद्धि कारक परिवर्तनों की नहीं। मोदी सरकार अर्थव्यवस्था के विनियंत्रण और समग्र सुधारो को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस वर्ष भारतीय अर्थव्यवस्था को नियमनों से मुक्त करने के 30 वर्ष पूरे हो रहे हैं। कोई यह दलील दे सकता है कि इनकी शुरुआत फंड और बैंक के दबाव में हुई जबकि भुगतान संतुलन का संकट गहराया हुआ था। उस समय तक अर्थव्यवस्था लाइसेंस, कोटा और विवेकाधीन नियमों से पूरी तरह से बंधी हुई थी जिसमें उद्यमों के लिए बहुत कम गुंजाइश थी। ऐसे घुटन के वातावरण में 1991 में उदारीकरण की ताजी हवा का अर्थव्यवस्था ने खुले दिल से स्वागत किया। हम तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव और उनके वित्त मंत्री डॉ मनमोहन सिंह का इस पहल की राजनीतिक इच्छाशक्ति दिखाने के लिए स्मरण करते हैं।

यदि हम भारत को कठिन समय में बचाने के लिए तत्कालीन नेतृत्व की तारीफ करते हैं तो प्रधानमंत्री रहते हुए पूर्व वित्त मंत्री के नेतृत्व में इन सुधारों की गति को बनाए रखने में नाकामी के लिए और भारत का पूरा एक दशक गंवाने के लिए हमें उनके नेतृत्व की निंदा भी करनी चाहिए। यह केवल राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रतिबद्धता के अभाव का नतीजा था।

उस एक दशक के ठीक पहले प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने यह राजनीतिक इच्छा और प्रतिबद्धता सामग्री और सेवा कर (जीएसटी) योजना के लिए प्रदर्शित की थी। हालांकि यह 2004 और 2014 के बीच आरंभ नहीं हो सकी। दोनों ही जीएसटी और दिवाला और दिवालियापन संहिता नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा पहले कार्यकाल में स्वीकृत किए गए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने हमारी अर्थव्यवस्था को विनियंत्रित करने को लेकर विश्वास और प्रतिबद्धता दिखाई है। न्यूनतम सरकार, अधिकतम सुशासन में भी इसका उल्लेख है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के सरल मार्गदर्शी दर्शन का अर्थ है कि किसी भी आधार पर कोई स्वच्छंदता या तुष्टिकरण नहीं होगा।


न्यूनतम सरकार, अधिकतम सुशासन से आशय है संरचनात्मक सुधार और कार्य करने में आसानी दोनों ही कार्यान्वित किए जा रहे हैं। विनिवेश, विनियमन, मुद्रीकरण के साथ ही समान रूप से पुराने कानूनों को खत्म किया जा रहा है। अनुमतियों की संख्या कम की जा रही है और प्रौद्योगिकी को अपनाकर अधिक पारदर्शिता लायी जा रही है।

पुराने कानून हो सकता है कि अप्रासंगिक हो गए हैं लेकिन अनैतिक नियामकों के लिए वे उपयोगी उपकरण वने हुए थे। प्रधानमंत्री मोदी ने पहले कार्यकाल में ही इस तरह के 1200 कानूनों को समाप्त करना सुनिश्चित कर लिया था जबकि दूसरे कार्यकाल में 58 अन्य इस तरह के कानूनों को खारिज किया गया है। केंद्र और राज्यों के बीच तथा विभिन्न विभागों में करीब 6000 अनुमतियां हैं जो आम आदमी के दैनिक जीवन को प्रभावित कर रहे थे। राज्यों के साथ काम करते हुए हमने योजना बनाई है कि स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ पर अगस्त 2022 तक नागरिकों को इन कानूनों से छुटकारा मिल जाएगा। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास सर्व समावेशी, भेदभावरहित सशक्ति करण का ध्येय है। यह कल्याणवाद में सभी तरह की कठिनाइयों और पूर्वाग्रहों के सभी पूर्ववर्ती प्रयासों को समाप्त करता है। साथ ही यह विकास के लिए कल्याण विरुद्ध सुधारों की बहस को भी विराम देता है।

*- निर्मला सीतारमण*

## ऑस्ट्रेलियाई पुरुष क्रिकेट टीम के सहायक कोच नियुक्त माइकल डि वेनुटो और जेफ वॉन

**मेलबोर्न ।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने माइकल डि वेनुटो और जेफ वॉन को ऑस्ट्रेलियाई पुरुष क्रिकेट टीम का सहायक कोच नियुक्त किया है। दोनों इस वर्ष के अंत में समर सत्र से पहले मुख्य कोच जस्टिन लैंगर के कोचिंग स्टाफ में शामिल होंगे। वर्तमान में सेंट लूसिया में ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ मौजूद डि वेनुटो 2013 में राष्ट्रीय टीम के साथ काम कर चुके हैं। 47 वर्षीय डि वेनुटो ने ऑस्ट्रेलिया के लिए नौ वनडे मैच खेले हैं। उन्हें 2016 में भारत के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के लिए वरिष्ठ कोच के रूप में नियुक्त किया गया था, तब तत्कालीन मुख्य कोच डैरेन लेहमैन बीमारी के कारण बाहर हो गए थे। उन्होंने सरे के मुख्य कोच के रूप में भी कार्य किया है। उनकी कोचिंग में सरे ने 16 वर्षों में अपना पहला काउंटी खिताब जीता था।



डि वेनुटो ने एक बयान में कहा, मैं फुल टाइम के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम से जुड़ने को लेकर उत्साहित हूं। मैंने पिछले महीने समूह के साथ कुछ समय बिताया है और सच में उसके साथ वापस आने का आनंद लिया है। अपने पिछले कार्यकाल के बाद से मैंने सरे काउंटी क्रिकेट क्लब के मुख्य कोच के रूप में शानदार अनुभव प्राप्त किया है और हाल ही में एडिलेड स्ट्राइकर्स, होबार्ट हरिकेंस और तस्मानिया के साथ भी समय बिताया है।

47 वर्षीय वॉन ने अपनी नियुक्ति को अपने करियर का अब तक का मुख्य आकर्षण करार दिया है। इस पूर्व दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने 28 प्रथम श्रेणी और 24 लिस्ट ए मैच खेले हैं। 2017 में वरिष्ठ सहायक कोच के रूप में तस्मानिया में शामिल होने से पहले वह दक्षिण ऑस्ट्रेलिया और एडिलेड स्ट्राइकर्स के साथ विभिन्न पदों पर कार्यरत थे।

ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर बड़े घरेलू समर सत्र से पहले कोचिंग समूह में डि वेनुटो और वॉन का स्वागत करने के लिए रोमांचित हैं। लैंगर ने एक बयान में कहा, यह टीम हर दिन क्रिकेटर और एक व्यक्ति के रूप में बेहतर होने और मैदान के अंदर और बाहर ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों को हम पर गर्व करने पर ध्यान केंद्रित रखती है। समर एशेज से बेहतर और कोई मौका नहीं हो सकता था। पूरी ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम की ओर से मैं माइकल डि वेनुटो और जेफ वॉन के हमारी यात्रा में शामिल होने के लिए बहुत उत्सुक हूं। वे अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कोच और लीडर हैं। वे इस समूह में काफी विशेषज्ञता और मूल्य जोड़ेंगे। हम उन दोनों के साथ आने को लेकर बहुत उत्साहित हैं।

## श्रीलंका के खिलाफ आखिरी वनडे के लिए इंग्लैंड की टीम में शामिल टॉम बैंटन

**लंदन।** इंग्लैंड वनडे क्रिकेट टीम ने डेविड मलान के निजी कारणों के चलते उपलब्ध न होने के मद्देनजर विकेटकीपर बल्लेबाज टॉम बैंटन को श्रीलंका के खिलाफ मौजूदा वनडे सीरीज के लिए तीसरे और आखिरी वनडे मैच के लिए बैक-अप विकल्प के तौर पर इंग्लैंड की टीम में शामिल किया गया है। वहीं जोस बटलर और बेन स्टोक्स चोट से उबर रहे हैं। आखिरी वनडे रविवार को ब्रिस्टल में खेला जाएगा।

22 वर्षीय बैंटन ने इंग्लैंड के लिए छह वनडे और नौ टी-20 मैच खेले हैं। उन्होंने इस हफ्ते की शुरुआत में समरसेट के लिए खेलते हुए टी-20 ब्लास्ट में 47 गेंदों पर शतक जड़ने के बाद चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया है। बैंटन ने आखिरी बार चार अगस्त 2020 को साउथम्पटन में आयरलैंड के खिलाफ वनडे मैच खेला था।

उल्लेखनीय है कि इंग्लैंड फिलहाल तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में 1-0 से आगे है। दूसरा मुकाबला आज यहां लंदन के केनिंग्टन ओवल में खेला जा रहा है।

## कच्चा तेल दो फीसदी उछला

**लंदन।** अमेरिका में तेल भंडार में कमी के कारण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल आज करीब दो प्रतिशत उछल गया। लंदन का ब्रेंट क्रूड वायदा 1.41 डॉलर यानी 1.89 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76.03 डॉलर प्रति बैरल पर पहुँच गया। अगस्त का अमेरिकी क्रूड वायदा 1.67 डॉलर यानी 2.27 प्रतिशत चढ़कर 75.14 डॉलर प्रति बैरल बोला गया। बाजार विश्लेषकों ने बताया कि अमेरिका में तेल भंडार कम होने से और निकट भविष्य में माँग बढ़ने की उम्मीद में कच्चे तेल में तेजी देखी जा रही है। निवेशकों की नजर ओपेक प्लस देशों की रणनीति पर भी है।

## शक्कर में पूछपरख, मूंगफली तेल सस्ता, दलहनो में नरमी, दाल- चावल सामान्य

**इंदौर।** सियागंज किराना बाजार में शक्कर में मांग बताई गई। खाद्य तेलों में लिवाली अटकने से भाव सस्ते बोले गये। दलहन में मिलों की मांग घटने से नरमी दर्ज की गई। दाल- चावल सामान्यवत बना रहा।



**किराना बाजार-** शक्कर में खरीदी बताई गई, इससे भाव मजबूत रहे। आज शक्कर में कामकाज 3360 से 3400 रुपये की रंगत पर चला। शक्कर में 08 गाड़ी आवक हुई। गुड़, खोपरा गोला- साबूदाना में पूछपरख बढ़ने लगी है इससे तेजी के आसार बताए गए।

**तेल -तिलहन-** खाद्य तेल मांग घटने से भाव नरमी का रुख लिए रहे।आज मूंगफली तेल तथा पाम तेल ऊंचा होकर बिका। तिलहन में रिफाइनरी वालों की खरीदी से सोयाबीन के भाव मजबूत बताए गए।

**दाल-दलहन-** स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में मांग सुस्त होने से दलहनो में नरमी दर्ज की गई। आज मूंग सस्ता बिका। दाल तथा चावल में कामकाज सामान्यवत चला। पोहा में मांग बढ़ी बताई गई।

## जस्टिन लैंगर के पीछे डट कर खड़े हैं हम : फिंच

**मेलबोर्न।** ऑस्ट्रेलिया की सफेद गेंद क्रिकेट टीम के कप्तान आरोन फिंच ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर की भारत के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज हार के बाद समीक्षा में हुई आलोचना के बाद उनके समर्थन में उतरे हैं। फिंच ने स्वीकार किया है कि लैंगर ने हाल ही में सामने आए कुछ मुद्दों को हल किया है। इसके लिए कप्तान ने वेस्ट इंडीज दौरे पर रवाना होने से पहले प्रशिक्षण शिविर के दौरान लैंगर की प्रशंसा की है।

फिंच ने एक बयान में कहा, हम सब जस्टिन लैंगर के पीछे डट कर खड़े हैं। गोल्ड कोस्ट पर कुछ दिनों तक हमारे पास एक अच्छा शिविर था। टिम फोर्ड के साथ समीक्षा में सामने आए कुछ मुद्दों को हल करने की जस्टिन लैंगर की क्षमता ही उन्हें अच्छा व्यक्तित्व बनाती है। उन्होंने एक अलग पक्ष रखा, जो उनकी गुणवत्ता को दर्शाता है कि वह किस तरह के व्यक्ति हैं। वह इन चीजों पर काम कर रहे हैं।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा, जिस तरह से उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में ऑस्ट्रेलिया को कोचिंग दी है वह शानदार है। मुझे लगता है कि हमें कुछ अच्छी सफलता मिली है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारतीय दौरे के समय उनके लिए काफी संघर्ष था, लेकिन उन्होंने अपने ऊपर लिया और यह बहुत अच्छा था। हमारे दृष्टिकोण से यह बहुत सकारात्मक है। यहां बात कुछ चीजों के संयोजन की थी।

## करण जौहर ने किया नए प्रोजेक्ट का ऐलान, जलियांवाला बाग हत्याकांड पर बनाएंगे फिल्म

करण जौहर बॉलीवुड के दिग्गज फिल्म निर्माता हैं। उन्होंने फिल्म जगत को कई सुपरहिट फिल्मों की सौगात दी है। अब करण ने एक नए प्रोजेक्ट की घोषणा कर दी है। वह जलियांवाला बाग हत्याकांड को केंद्र में रख कर एक फिल्म बनाने वाले हैं। करण ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर भी फिल्म से जुड़ी जानकारियों को साझा किया है। करण की धर्मा प्रोडक्शन ने स्टील एंड स्टील मीडिया के साथ मिलकर फिल्म की घोषणा की है।



करण ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म से संबंधित जानकारी शेयर की है। उन्होने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, ऐतिहासिक व्यक्तित्व सी शंकरन नायर की अनकही कहानी को बड़े पर्दे पर लाने को लेकर बेहद उत्साहित और सम्मानित महसूस कर रहा हूं। फिल्म का निर्देशन करण सिंह त्यागी द्वारा किया जाएगा। विस्तृत जानकारी के लिए प्रतीक्षा करें। यह फिल्म वकील शंकरन की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म का टाइटल द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सी शंकरन नायर रखा गया है।

बताया गया है कि यह फिल्म उस अदालती लड़ाई को पेश करेगी, जो शंकरन ने जलियांवाला बाग हत्याकांड के बारे में सच्चाई को सामने लाने के लिए ब्रिटिश सरकार के खिलाफ लड़ी थी। यह फिल्म वास्तविक जीवन की घटनाओं से प्रेरित होगी। यह फिल्म शंकरन के परपोते रघु पलट और उनकी पत्नी पुष्पा पलट द्वारा लिखी गई किताब द केस दैट शूक द एंपायर पर आधारित है। फिल्म के लीड कास्ट की घोषणा जल्द हो सकती है। शंकरन का जन्म मलाबार के चेत्तर परिवार में 1857 में हुआ था। शंकरन एक वकील थे, जिन्होंने 1897 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया था। उन्होंने 1922 में गांधी और अराजकता नामक पुस्तक भी लिखी थी।

## आज का राशिफल

मेष : दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार में लाभ होगा।

वृषभ : किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा।

मिथुन : व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। बजट बिगड़ेगा। दूर से शोक समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। भागदौड़ रहेगी।

कर्क : कष्ट, भय, चिंता व तनाव का वातावरण बन सकता है। जीवनसाथी पर अधिक मेहरबान होंगे। कोर्ट व कचहरी के कार्यों में अनुकूलता रहेगी।

सिंह : तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। आय में वृद्धि होगी। मित्रों के साथ बाहर जाने की योजना बनेगी। रोजगार प्राप्ति के योग हैं।

कन्या : यात्रा सफल रहेगी। शारीरिक कष्ट हो सकता है। बेचैनी रहेगी। नई योजना बनेगी। लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा।

तुला : अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेने की स्थिति बन सकती है। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है।

वृश्चिक : कोई राजकीय बाधा हो सकती है। जल्दबाजी में कोई भी गलत कार्य न करें। विवाद से बचें। काफी समय से अटका हुआ पैसा मिलने का योग है, प्रयास करें।

धनु : किसी की बातों में न आएं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा।

मकर : परिवार की आवश्यकताओं के लिए भागदौड़ तथा व्यय की अधिकता रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में विशेष सावधानी की आवश्यकता है।

कुंभ : जोखिम व जमानत के कार्य टालें। शारीरिक कष्ट संभव है। व्यवसाय धीमा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी की नाराजी झेलनी पड़ सकती है।

मीन : किसी अपरिचित की बातों में न आएं। धनहानि हो सकती है। थोड़े प्रयास से ही काम सफल रहेंगे। मित्रों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

## शिल्पा शेट्टी ने कमबैक के साथ किया धमाल

शिल्पा शेट्टी की फिल्म हंगामा 2 का फैंस को बेसब्री से इंतजार है. यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने जा रही है. हंसी से भरपूर इस फिल्म में शिल्पा के साथ परेश रावल, मिजान जाफरी, आशुतोष राणा और प्रणिता सुभाष अहम किरदार निभाते नजर आने वाले हैं. इस कॉमेडी फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है. जिसमें परेश रावल का कंफ्यूजन सभी के चेहरे पर हंसी लेकर आ रहा है. इस तीन मिनट के ट्रेलर की शुरुआत होती है प्रणिता सुभाष के एक बच्ची को अपने साथ लेकर आने से. वह मिजान के घर जाती है और आशुतोष राणा से कहती वो और मिजान कॉलेज में एक दूसरे से प्यार करते हैं और यह बच्चा उन दोनों का है. उसके बाद एंट्री होती है वकील यानि परेश रावल की और शुरू हो जाती है कॉमेडी. फिल्म में शिल्पा शेट्टी परेश रावल की पत्नी के किरदार में नजर आई हैं. परेश रावल को कंफ्यूजन हो जाता है कि मिजान उनकी पत्नी शिल्पा का आशिक है. परेश रावल का ये कंफ्यूजन आपको हंसी से लोट पोट कर देगा. अब ये कंफ्यूजन कैसे दूर होता है इसके लिए तो आपको फिल्म का इंतजार करना पड़ेगा. आपको बता दें ये फिल्म हंगामा फ्रेंचाइजी की दूसरी फिल्म है. हंगामा में अक्षय खन्ना, परेश रावल, आफताब शिवदासानी, रिमी सेन लीड रोल में नजर आए थे और ये फिल्म साल 2003 में रिलीज हुई थी.



## प्रिया बापट ने पूरी की वेब शो आनी के हवा की शूटिंग

अभिनेत्री प्रिया बापट जल्द ही मराठी वेब शो आनी के हवा के तीसरे सीजन में नजर आएंगी। एक्ट्रेस ने कड़ी सावधानियों के बीच शो के लिए अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। अभिनेत्री का कहना है कि कड़ी सावधानियों के बीच शूटिंग करना आसान नहीं था और किसी ने भी सेट पर इसे हल्के में नहीं लिया।



प्रिया कहती हैं, शूटिंग करना काफी मुश्किल रहा। महामारी की दूसरी लहर बेहद भयावह रही इसलिए हमने सीरीज की शूटिंग के दौरान खूब सावधानियां बरतीं। क्रू के सभी सदस्यों ने समय-समय पर अपना टेस्ट कराया। सिर्फ मेकअप और शूट के दौरान के वक्त को छोड़कर हम हमेशा डबल मास्क पहनकर रहे। लेकिन अब हमें और भी चौकन्ना रहना है। काम पर जाना जरूरी है, क्योंकि कई लोगों की आजीविका इसी पर निर्भर है। हम लगातार परीक्षण, स्वच्छता के साथ हर प्रोटोकॉल के प्रति बेहद सतर्क रहे।

## अरबी टिक्का है बच्चों के लिए हेल्दी और टेस्टी

बच्चे बहुत ही कम सब्जियां खाते हैं ऐसे में उन्हें सही न्यूट्रिशन देना किसी टास्क से कम नहीं होता। तो उन्हें सब्जियां खिलाने के लिए अलग-अलग तरीके ढूंढे। जैसे आज हम बनाएंगे अरबी का टिक्का।



### सामग्री :

अरबी- 200 ग्राम छोटे आकार वाली, पुदीने की पत्तियां- 10-12, कटी हुई हरी धनिया- 1/2 कप, हरी मिर्च- 4, अदरक-लहसुन का पेस्ट- 1 छोटा चम्मच, नींबू का रस- 1 छोटा चम्मच, बेसन- 2 बड़े चम्मच, काली मिर्च पाउडर- 1/2 छोटा चम्मच, चाट मसाला- 1 छोटा चम्मच, तेल- 1 छोटा चम्मच, नमक- स्वादानुसार

### विधि :

अरबी को छीलकर साफ कर उबाल लें। एक से दो सीटी अरबी उबालने के लिए काफी होगी है। ठंडा होने पर इसे छीलकर साइड में रख लें।

अब मिक्सी में धनिया, पुदीना, अदरक-लहसुन पेस्ट, नींबू, सारे मसाले और बेसन को डालकर एक स्मूद पेस्ट तैयार कर लें।

अरबी पर इस पेस्ट को लगाकर कम से कम एक घंटे के लिए फ्रिज में रख दें। जिससे टिक्के बहुत अच्छे बनेंगे।

एक घंटे बाद इन्हें स्क्वेयर्स पर लगाकर मीडियम आंच पर सेंक लें।

प्लेट में निकालकर टूथ पिक लगाकर गरमा-गरम सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 128

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक127 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | ■ | स | र | ग | म | ■ |
| त्री | ■ | सी | ■ | ■ | क्षा | ■ | धु | र्रा |
| ■ | सा | ह | स | ■ | ■ | ■ | र | ■ |
| स्वा | ग | त | ■ | स | म | झौ | ता | ■ |
| व | र | ■ | ■ | र | ■ | ■ | ■ | म |
| लं | ■ | वि | ला | स | ■ | ■ | दा | म |
| बी | न | ■ | ज | ■ | सा | मा | न | ता |
| ■ | ज | ■ | वा | हि | या | त | ■ | ■ |
| त | र | की | ब | ■ | ना | ■ | खा | ली |

## सू-दोकू- 128

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.127 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |